दिसंबर के आखिर में होगी भर्ती की दौड़

60,244 सिपाही भर्ती

लिखित परीक्षा का रिजल्ट जारी होने के बाद शुरू होगी दस्तावेजों की जांच

20 से 25 दिन लगेंगे दस्तावेजों की जांच और स्टैंडर्ड फिजिकल टेस्ट में

एनबीटी ब्यूरो, लखनऊ

60,244 पदों पर सिपाही भर्ती परीक्षा के दावेदारों को भर्ती की दौड़ के लिए तैयारियों को धार देने का समय आ गया है। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड दिसंबर के आखिरी सप्ताह में सिपाही भर्ती परीक्षा के फिजिकल टेस्ट की तैयारी कर रहा है। अभ्यर्थियों को फिजिकल टेस्ट में तय समय सीमा में दौड़ को पूरा करना होगा। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि बोर्ड फरवरी में भर्ती परीक्षा का फाइनल रिजल्ट जारी कर देगा।

सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा की फाइनल आंसर-की जारी होने के बाद भर्ती बोर्ड ने आगे की प्रक्रिया की तैयारियां तेज कर दी हैं। इसके तहत बोर्ड अगले 20 दिन के अंदर लिखित परीक्षा का रिजल्ट जारी करेगा। इसके बाद कट ऑफ और मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी।

भर्ती के अगले चरण में दस्तावेजों का सत्यापन और फिजिकल स्टैंडर्ड टेस्ट होगा। इसके लिए कुल 60,244 पदों के सापेक्ष तीन गुना से अधिक अभ्यर्थियों को मौका दिया जाएगा। इससे पहले आरक्षण के मानकों पर अभ्यर्थियों की दावेदारी तय होगी। दस्तावेजों की जांच और फिजिकल स्टैंडर्ड टेस्ट में 20 से 25 दिन लगेंगे। इन टेस्ट व दस्तावेजों की जांच के बाद फिजिकल टेस्ट के दावेदारों की सूची तैयार होगी। सूत्रों के मुताबिक भर्ती बोर्ड दिसंबर के आखिरी सप्ताह से फिजिकल टेस्ट करवाना शुरू कर देगा। क्योंकि उस दौरान मौसम भी दौड़ के लिए मुफीद होगा। इससे पहले बोर्ड ने शनिवार को 25 सवालों को निरस्त करने के बाद फाइनल आंसर-की जारी की थी।

AI Image